दिनांक : 14.07.2026 समय : 18.30 पीएम

- राजस्थान विधानसभा गठन के 75 वर्ष के उपलक्ष में कल से अमृत महोत्सव की शुरूआत–सालभर कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा।
- राज्य में शादी, धार्मिक आयोजनों तथा सार्वजनिक कार्यक्रमों में अब केवल वैध लाइसेंसधारी हलवाई और कैटरर ही सेवाएं दे सकेंगे।
- प्रदेशभर की सभी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सघन स्क्रीनिंग के लिए कल से विशेष अभियान चलाया जाएगा।
- प्रदेश के सभी 63 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हुई अभिभावक–कार्यकर्ता बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर चर्चा।

000

राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में कल से अमृत महोत्सव की शुरूआत होगी। उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। वहीं उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का समापन सत्र में शिरकत का कार्यक्रम है। उत्सव में राज्य के लोकतांत्रिक विकास, ऐतिहासिक कानूनों, संसदीय परम्पराओं और डिजिटल विधानसभा के भविष्य पर मंथन होगा। वहीं वर्तमान और पूर्व विधायकों का समागम रहेगा। अमृत उत्सव के तहत सालभर तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसका समापन अगले साल राजस्थान स्थापना दिवस पर होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि समारोह में छह और उससे अधिक बार रहे पूर्व विधायकों का सम्मान भी किया जाएगा।

000

प्रदेश में शादी–ब्याह, धार्मिक आयोजनों और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में अब केवल भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एफ.एस.एस.ए.आई. के वैध लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन वाले हलवाई, कैटरर्स और भोजन सेवा प्रदाता ही अपनी सेवाएं दे सकेंगे। खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण विभाग की ओर से इसके लिए जारी मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी के तहत ये व्यवस्था लागू की गई है। इस प्रक्रिया में आयोजन से पहले, कैटरर को सारी जानकारी संबंधित अधिकारी को देनी होगी। एसओपी के तहत सभी हलवाईयों और खाद्य व्यवसाय संचालकों का सत्यापन भी किया जाएगा। विभाग के अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह ने बताया कि सभी मैरिज गार्डन, विवाह स्थलों और होटलों को भी उनके परिसर में लाइसेंसधारी खाद्य संचालकों से ही खाना तैयार करवाना और परोसना सुनिश्चित करना होगा। बड़े आयोजनों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भोजन की गुणवत्ता, भंडारण और पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज प्रस्तावित कोटपूतली–बहरोड़ जिले के पावटा का दौरा निरस्त हो गया है। बरसात और खराब मौसम के कारण इसे रद्द किया गया है। मुख्यमंत्री का प्रागपुरा नगरपालिका में आयोजित शहरी सेवा शिविर में पहुंचने और लाभार्थियों से संवाद का कार्यक्रम था।

000

चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से संरक्षण कार्य करवाएं जाएंगे। केन्द्र सरकार ने इसे उत्खनन स्थलों और विरासत परिसरों के विकास की डेश योजना में शामिल किया है। इसके तहत ऐतिहासिक इमारत का संरक्षण किया जाएगा। साथ ही म्यूजियम, वॉक–वे, हिस्ट्री गैलरी, इंटरप्रिटेशन सेंटर और पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा डिजिटल तकनीक और ऑडियो–विजुअल माध्यम से मेवाड़ के इतिहास को प्रस्तुत किया जाएगा।

000

देश का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र कार्यक्रम, भारत टेक्स–2026 आज से नई दिल्ली में शुरू हुआ। भारत मंडपम में हो रहे इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि भारत टेक्स अब एक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन बन चुका है और हर साल इसमें प्रदर्शकों, खरीदारों, विक्रेताओं और आगंतुकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का भी वस्त्र क्षेत्र को फायदा मिल रहा है।

000

प्रदेशभर की सभी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य मानकों की सघन स्क्रीनिंग के लिए कल से विशेष अभियान चलाया जाएगा। 5 दिन तक चलने वाले इस अभियान में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की जाएगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने आज जयपुर में बैठक कर वीसी के माध्यम से सभी चिकित्सा अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर, एएनएम और सीएचओ के जरिये स्क्रीनिंग का ये काम करवाया जाएगा। श्रीमती राठौड़ ने प्रत्येक गर्भवती महिला की चार गुणवत्तापूर्ण एएनसी जांच अनिवार्य रूप से कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि ज्यादा जोखिम वाली गर्भावस्था के लिए अलग से ट्रेकिंग सिस्टम बनाया जाएगा।

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर आज भीलवाड़ा पहुंचे। उन्होंने महात्मा गांधी अस्पताल परिसर का जायजा लिया। इसके बाद, श्री खींवसर ने मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल और चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक की। मीडिया से बातचीत में चिकित्सा मंत्री ने कहा कि जयपुर से आई टीम ने भीलवाड़ा में हुई प्रसूताओं की मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार मातृ और शिशु स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है।

..................

चिकित्सा मंत्री इसके बाद बांसवाड़ा के लिए रवाना हो गये। गौरतलब है कि हाल ही में बांसवाड़ा में भी विभिन्न कारणों से कुछ प्रसूताओं की मृत्यु हुई थी। स्थिति का जायजा लेने के लिए चिकित्सा मंत्री अस्पताल का निरीक्षण करेंगे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से ऑस्ट्रेलिया के उच्च स्तरीय राजनयिक पॉल मर्फी ने आज लोकभवन में मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच षिक्षा तथा वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ावा देने पर चर्चा की। साथ ही राजस्थान में उच्च शिक्षा, आदिवासी संस्कृति संरक्षण और कृषि में नवाचारों पर भी विषेष रूप से चर्चा की गई। बैठक पर और ब्यौरा न्यूज डेस्क से –

..................

000

प्रदेश के स्कूलों में डिजिटल लर्निंग लैब की स्थापित की जाएगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज जयपुर में ये जानकारी दी। मुख्य सचिव ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को अध्ययन में सुविधा मिल सकेगी। मुख्य सचिव पीएम श्री विद्यालयों के संस्था प्रधानों की राज्य स्तरीय वेबिनार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इन लैब से विद्यार्थियों को अध्ययन में सहायता मिलेगी। उन्होंने हर पीएम श्री स्कूल में सुझाव पेटिका लगाने और सफलता का कहानियां साझा करने की बात कही। वेबिनार के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न स्कूलों के नवाचारों और सर्वोत्तम नीतियों को अन्य स्कूलों में भी लागू किया जाएगा।

000

प्रदेश के सभी 63 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज अभिभावक–आंगनबाड़ी कार्यकर्ता–पी.ए.एम. बैठक आयोजित की गई। महिला और बाल विकास विभाग की ओर से हर महीने ये बैठक रखी जाती है। समेकित बाल विकास सेवा योजना–आई.सी.डी.एस. के निदेशक वासुदेव मालावत ने बताया कि बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों के माता–पिता के साथ स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा पर चर्चा की गई। मीटिंग में बच्चों के परिवार के पुरुष सदस्यों की सहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही बच्चों की गतिविधियों और पोषण सहित अन्य विषयों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

000

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गोमांस उत्पादक देश है। पीआईबी की तथ्य जांच ईकाई ने कहा कि यह दावा फर्जी है और प्रधानमंत्री ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।

000